Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 04-12-2006

Participants : Rawat Shri Bachi Singh

an>

Title: Need to provide employment and other benefits to youths of Uttranchal who had been given training in Guerilla Warfare after the 1962 Chinese Aggression.

श्री बची सिंह रावत 'बचदा' (अल्मोड़ा) : महोदय, सन् 1962 के चीनी आक्रमण के बाद गृह मंत्रालय के अधीन सिविल डिफेंस ि वभाग के अंतर्गत देश के सीमावर्ती क्षेत्र के युवकों को गुरिल्ला स्वयंसेवक का प्रशिक्षण दिया गया था। उत्तरांचल के सीमांत पर्वतीय क्षेत्र के युवकों को भी 45 दिन का गुरिल्ला प्रशिक्षण शिमला में दिया गया था। इन्हें समय-समय पर छापामार युद्ध का भी प्रशिक्षण दिया गया था। इन गुरिल्लाओं को आश्वासन दिया गया था कि भविय में विभाग में भर्ती होने पर इन्हें भर्ती कर लिया जाएगा।

इस बीच आसाम, मेघालय आदि राज्यों में इन गुरिल्लाओं को एस.एस.बी, में भर्ती किया गया है। परन्तु उत्तरांचल के इन गुरिल्लाओं को किसी भी भर्ती में कोई स्थान नहीं दिया गया है और किसी प्रकार का मानदेय या लाभ भी प्रदान नहीं किया गया है। उत्तरांचल के सीमांत क्षेत्रों में ये गुरिल्ला स्वयंसेवक भर्ती किए जाने, विशेा छूट व लाभ प्रदान किए जाने हेतु लम्बे समय से आन्दोलन कर रहे हैं।

अत: मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि उत्तरांचल के गुरिल्ला स्वयंसेवकों को भर्ती करने, अन्य छूट व लाभ प्रदान करने की कार्यवाही करें।